जागरण

# तिहाई दाम पर नकली नोट बेचने वाले गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 25 Sep 2019 06:37 AM (IST)

क्राइम ब्रांच सेक्टर-10 पुलिस ने असली नोटों के बदले नकली नोट देने वाले चार आरोपितों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: क्राइम ब्रांच सेक्टर-10 पुलिस ने असली नोटों के बदले नकली नोट देने वाले चार आरोपितों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वह दो हजार रुपये के असली नोट के बदले छह हजार रुपये के नकली नोट देते थे। पुलिस टीम ने इन आरोपितों के कब्जे से 14.94 लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं।

22 सितंबर की देर रात को क्राइम ब्रांच सेक्टर-10 निरीक्षक जितेंद्र कुमार को सूचना मिली थी कि सेक्टर-66 रोड स्थित सामुदायिक केंद्र के गेट के नजदीक दो गाड़ियों में सवार युवकों द्वारा दो हजार रुपयों के असली नोट के बदले छह हजार रुपये के नकली नोट दिए जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने एक पुलिसकर्मी को बोगस ग्राहक बनाकर वहां भेजा। बताए गए स्थान पर जब पुलिस नकली ग्राहक के साथ पहुंची तो वहां दो गाड़ियां (बोलेरो व आइ-20) दिखीं। उसी समय ग्राहक बने पुलिस के जवान ने दो हजार रुपये का एक असली नोट बदलने के लिए गाड़ी में बैठे युवकों को दिया। उन युवकों ने असली नोट के बदले उसे दो-दो हजार रुपये के तीन नोट दे दिए। योजनानुसार नजदीक खड़ी पुलिस टीम ने आइ-20 गाड़ी में बैठे चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया मगर बोलेरो गाड़ी में सवार युवक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए।

जिन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है उनकी पहचान जिला पलवल गांव गोपुर निवासी रफीक (54), नूंह के गांव शिकारपुर निवासी जाहुल (32), नूंह के गांव घासेड़ा निवासी मोहम्मद हासिम (34) व नूंह के गांव महातीगांव निवासी मुबारिक (32) के रूप में की गई है। इन सभी के खिलाफ सेक्टर-65 थाने में एफआइआर दर्ज की गई है। आरोपितों को अदालत में पेश कर तीन दिन की रिमांड पर लिया गया है।

पुलिस का कहना है कि पूछताछ में आरोपियों से पता चला है कि जिस फॉर्म हाउस के सामने खड़े होकर वह असली नोटों के बदले नकली नोट बदल रहे थे, वह उम्मा त्यागी का है। आरोपित रफीक उम्मा त्यागी का ड्राइवर है। रफीक ने उम्मा त्यागी को राकेश नाम के एक साथी से मिलवाया था। रफीक के साथी राकेश द्वारा इन्हें नकली नोट उपलब्ध कराए थे जिन्हें ये असली दो हजार के नोट के बदले छह हजार रुपयों के नकली नोट में बदलने का काम कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि आरोपितों के अन्य साथियों को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/haryana/gurgaon-red-handed-giving-fake-notes-for-real-19609371.html